प्रेषक,

उपजिलाधिकारी,
ललितपुर/तालबेहट।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक,
नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ

संख्या– 2298/7–रा0नि0 (कार्या0)–वृक्षारोपण (2021–22) दिनांक जून 27 ,2022

विषय :– वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के प्राविधानों के अनुसार वन भूमि के गैरवानिकी प्रयोग के बदले क्षतिपूर्ति वनीकरण (Compensatory Afforestation) हेतु चिन्हित/चयनित समतुल्य गैर वनभूमि के प्रकरणों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या–15/11–सी–गाईड लाइन लखनऊ दिनांक 02 जुलाई, 2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके साथ संलग्न उ0प्र0 शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–2 लखनऊ के पत्र संख्या–वी0आई0पी0–23/14–2–2019–190जी/2018 दिनांक 28–06–2019 की छायाप्रति संलग्न करते हुए वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के प्राविधानों के अनुसार वन भूमि के गैरवानिकी प्रयोग के बदले क्षतिपूर्ति वनीकरण (Compensatory Afforestation) हेतु चिन्हित/चयनित समतुल्य गैर वनभूमि से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि शासनादेश में उल्लिखित दिशा–निर्देशों का पूर्णतः संज्ञान में लेते हुये, तहसील ललितपुर का प्रमाण–पत्र निम्नवत हैः–

<u>प्रमाण पत्र</u>

"प्रमाणित किया जाता है कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित की गयी भूमि निर्विवाद रूप से गैर वन भूमि है एवं इसका शासनादेश संख्या–वी0आई0पी0–23/14–2–2019–190जी/2018 दिनांक 28–06–2019 के प्रस्तर–2 में वर्णित बिन्दुओं के अनुसार परीक्षण कर लिया गया है।"

तदनुसार वांछित सूचना/प्रमाण पत्र सेवा में सादर प्रेषित है।

| | | |
|---|---|---|
| तहसीलदार,<br>ललितपुर।<br>तहसीलदार<br>ललितपुर | उप जिलाधिकारी,<br>तालबेहट।<br>उप जिलाधिकारी<br>तालबेहट<br>27/6 | उपजिलाधिकारी,<br>ललितपुर।<br>उप जिलाधिकारी<br>ललितपुर |

28/06/2022

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
ललितपुर

# कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, ललितपुर

पत्रांकः 4684 /13–1 दिनांक, ललितपुर 28 जून, 2022

सेवा में,

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मुजफ्फरनगर।

विषयः– मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा से आच्छादित जनपद– मुजफ्फरनगर, मेरठ एवं गाजियाबाद में चौ0 चरण सिंह कावंड मार्ग (ग्रंगा नहर की दांयी पटरी) के संरेखण में आ रहे संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु जनपद– ललितपुर के अंतर्गत प्रायोजन हेतु 222.98 हे0 अर्थात 223 हे0 गैर वानिकी भूमि (NFL) भूमि के SOI Toposheet उपलब्ध कराने के सम्बंध में।

विषयः– कार्यालय वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सामाजिक वानिकी, मेरठ क्षेत्र मेरठ का पत्रांक–4805 /14–1 दिनांक 17.06.2022।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में क्षतिपूरक वनीकरण हेतु जनपद ललितपुर कुल 223हे0 चयनित की गयी, जिसमें से 41.00हे0 गैर वन भूमि वृक्षारोपण के लिये उपयुक्त पाया गया। गैर वन भूमि 188.00हे0 के SOI Toposheet एवं जियो रिफरेन्स में 6–6 प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराया जा रहा है।

संलग्नक–टोपोशीट एवं जियो रिफरेन्स में 6–6 प्रतियों में (मूल में)

भवदीय,

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
ललितपुर

पत्रांक अ/सम दिनांक

प्रतिलिपि– वन संरक्षक, सहारनपुर वृत्त सहारनपुर एवं बुन्देलखण्ड वृत्त, उ0प्र0, झांसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि– मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, मेरठ क्षेत्र मेरठ।

प्रतिलिपि– प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मेरठ एवं गाजियाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
ललितपुर